### एक नजर में

## अखिल भारतीय सोमवंशी आर्य क्षत्रिय लोहार समाज की महिलाओं ने किया हल्दी कुंकु



**बुरहानपुर।** मकर संक्रांती पर्व के उपलक्ष्य में अण्भाण्सोण्आण्क्षण् लोहार समाज महिला संघटन समिति बुरहानपुर द्वारा आज अग्रवाल धर्मशाला में राजघाट रोड पर लोहार समाज हल्दी कुंकु का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस में आ भा सो आ क्ष लोहार समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल जी नवग्रहे द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हल्दी कुंकु के कार्यक्रम में आ भा सो आ क्ष लोहार समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सविता हरीश मोरेए स्नेहा नितिन तारे जयश्री राजेश शंखपाल आदि मौजूद थे ।

कार्यक्रम में लोहार समाज की प्रदेश अध्यक्ष सविता हरीश मोरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कुमकुम परंपरा का अर्थ यह एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव है जहाँ विवाहित महिलाएँ वैवाहिक स्थिति और पति की लंबी आयु के प्रतीक के रूप में हल्दी और कुमकुम ;सिंदूर पाउडरद्ध का आदान.प्रदान करती हैं, यह महिला सशक्तिकरणए सामाजिक एकता और पारंपरिक संस्कृति को बनाए रखने का माध्यम हैण्यह त्योहार मनाते समय इसका महत्वए त्योहार मनाने की पद्धति, तिल गुड़ का महत्वए पर्व काल में दान का महत्व, अन्य स्त्रियों को हल्दी कुमकुम लगाने का आध्यात्मिक महत्व यह त्यौहार जोर.शोर से मनाया जाता है जहां विवाहित महिलाएं सामाजिक मेलजोल गीत संगीत और पारंपरिक रश्मों के साथ एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर पति की लंबी उम्र और सौभाग्य की कामना करती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में आ भा सो आ क्ष लोहार समाज की महिला संगठन समिति प्रदेश अध्यक्ष सविता हरीश मोरे प्रदेश अध्यक्ष अ.भा. सो. आ. क्ष. समाज महिला संघटन समिति म.प्र. स्नेहा नितिन तारे प्रदेश उपाध्यक्ष. अ.भा.सो.आ.क्ष.समाज महिला संघटन समिति जयश्री राजेश शंखपाल प्रदेश सचिव अ.भा. सो.आ.क्ष.समाज महिला संघटन समिति समाज की हेमलता शंखपाल,सरिता नवग्रहे,सोनाली शंखपाल स्मिता नवग्रहे, गोल्डी बोरसे, मंदा मोरे आदि महिलाएं उपस्थित थे।

## 21 जनवरी को 9 सूत्रीय मांगों का सौंपा जाएगा ज्ञापन

**बुरहानुपर।** सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ प्रदेश नेतृत्व व्दारा मप्र के समस्त जिला मुख्यालय पर् जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन भोपाल के नाम से पेंशनर्स की मांगो एवं समस्याओं का निराकरण के संबंध में 09 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौपा जाएगा। यह ज्ञापन बुरहानपुर जिले में जिला कलेक्टर को दिनांक 21/01/2026 को दोपहर 4 बज पेशनर्स महासंघ के जिला संयोजक देवीदास विश्वकर्मा व्दारा पेशनर्स महासंघ प्रदेश के संगठन मंत्री दिलीप इंगले की उपस्थिति में दिया जावेगा। इस अवसर पर सहयोगी संगठन के पदाधिकारीए सदस्य भी उपस्थित रहेगें। उपरोक्त जानकारी देवीदास विश्वकर्मा जिला संयोजक द्वारा दी गई ।

## ताप्ती सेवा समिति ने कथावाचक सोनाली दीदी का स्वागत किया, 23 जनवरी को कथा का समापन

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के मालीवाड़ा स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में



आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की कथावाचक का ताप्ती सेवा समिति द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। अयोध्याधाम में प्रभु श्री रामचंद्र जी के भव्य मंदिर की प्राण.प्रतिष्ठा के पावन अवसर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्रीसंत सावता माली वारकरी मंडल एवं समस्त वार्ड वासियों द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक महोत्सव में व्यास पीठ पर प्रसिद्ध कथावाचिका हभप सोनाली दीदी महाजन विराजमान हैं। वे 16 जनवरी से अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भागवत महापुराण के गूढ़ रहस्यों और भक्ति मार्ग का रसपान करा रही हैं। इस अवसर पर ताप्ती सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत,सचिव धर्मेंद्र सोनी, पुनीत साकले, अभय बालापुरकर, भूपेंद्र जूनागढ़े, अत्ताउल्लाह खान, अजय राठौर, जैकी चढ़ा, मोहन दलाल, सचिन सोनगिकर,बसंत पाल, राजेश भगत आदि लोग मौजूद थे।

**जी टॉकीज फेम कथावाचक सोनाली दीदी:**–ताप्ती सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती सरिता राजेश भगत ने जानकारी दी कि श्जी टॉकीजश् फेम प्रसिद्ध कथावाचिका हभप सोनाली दीदी महाजन पुणे के आडंदी की पधारी हैं। जिनका सभी श्रद्धालुओं की मौजूदगी में रविवार शाम 4 बजे सम्मानित किया गया। उनकी कथा का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर कथासार और श्कीर्तन साधनाश् के माध्यम से भी किया जा रहा है।

**23 जनवरी को होगी पूर्णाहुति:**–दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक हो रही है। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के भव्य जन्मोत्सव का विशेष आयोजन किया जाएगाए जो अयोध्या मंदिर उत्सव की यादें ताजा करेगा। 23 जनवरी को कथा की पूर्ण आहुति, काल्याचे कीर्तन और विशाल महाप्रसादी ;भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**कथा में सहयोगी संस्थाएं :**– इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में नवदुर्गा उत्सव समिति, माली किंग टाऊ ग्रुप एवं मालीराजा ग्रुप सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। व्यवस्थापकों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## जिले के युवाओं के सपनों को उड़ान दे रही है मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

**बुरहानपुर।** राज्य शासन द्वारा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित ष्मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनाष् जिले में सकारात्मक परिणाम दे रही है। बुरहानपुर जिले के युवा रूशाल चौधरी ने शासकीय योजना का लाभ लेकर उद्यम की सफल शुरुआत की है। बीण्टेक की पढ़ाई के बाद रूशाल ने इंदौर शहर की एक निजी कंपनी में काम किया। बावजूद इसकेए वे स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की ईच्छा रखते थे। उद्योग विभाग के माध्यम से उन्हें ष्मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनाष् की जानकारी मिली।

**दिसम्बर माह में किया व्यवसाय का शुभारंभ:**–उद्योग विभाग के सहयोग से लाभार्थी रूशाल को अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिये सहायता राशि ;करीबन 9 लाख 90 हजारद्ध दी गयी। इस आर्थिक सहयोग से रूशाल ने हाल ही में दिसम्बर माह में ष्कार डेकोर एक्सेसरीज एंड सर्विसष् नाम से अपने व्यवसाय का विधिवत् शुभारंभ किया। रूशाल अपनी कार डेकोर एक्सेसरीज एंड सर्विस के माध्यम से प्रतिदिन 3 से 4 वाहनों की डेकोरिंग एवं सर्विसिंग का कार्य कर लेते हैं।

**प्रदेश के आर्थिक विकास की सीढ़ी बन रहे है युवा :**–लाभार्थी रूशाल चौधरी कहते है किए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रदेश सरकार की एक ऐसी योजना है जो युवाओं को आगे बढ़ाने एवं उनके सपनों को साकार करने में मदद कर रही है।

# प्रख्यात पांगरी बांध के किसानों ने आज फिर एक अनूठे आंदोलन को अंजाम दिया

### लेखन पार्टी आंदोलन : बच्चों ने लगाई मुख्यमंत्री से गुहार ।





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पांगरी बांध परियोजना न सिर्फ बुरहानपुर जिले के लिए बल्कि प्रदेश भर के लिए एक अचरज,असमंजस एवं विस्मय का विषय बनता जा रहा है । समाज के विभिन्न वर्गों तथा गलियारों में चर्चा का ज्वलंत मुद्दा साबित हो रहा है । अपने अनूठे आंदोलन के लिए प्रख्यात पांगरी बांध के किसानों ने आज फिर एक अनूठे आंदोलन को अंजाम दिया किंतु इस बार किसानों ने नहीं बल्कि उनके परिवार जनों ने बच्चों ने आंदोलन की बागडोर हाथ में ली और सीधे मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से गुहार लगाई कि उन्हें दोगुना मुआवजा चाहिए और प्रशासन कानून को जिस तरह से तोड़ मरोड़ के प्रस्तुत कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए तथा विधिवत दो गुना मुआवजा एवं सांत्वना राशि मिलनी चाहिए ।

किसानों के छोटे छोटे नन्हे बच्चों ने हृदय से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेदन किया और उम्मीद जताई कि वे बच्चों की बात को नहीं टालेंगे चुंकि बच्चे न्याय संगत मुआवजा की बात कर रहे हैं । सभी बच्चों ने अपने पाटी में हमें न्याय चाहिए तथा जय जवान जय किसान आदि स्लोगन लिख रखा था।

इस आंदोलन में गरीब किसान , आदिवासियों के बच्चों ने बढ़.चढ कर के हिस्सा लिया पांगरी ,बसाली, नागझिरी गावो के बच्चों ने उपस्थित होकर सरकार से अपने हक की बात कही इस आंदोलन को सफल बनाने में प्रमुखता से नंदू पटेल ,राहुल राठौर ,संजय चौकसे, माधो नाटो, कालू चौकसे,ओमप्रकाश, श्रीराम,दिपक पवार, श्रीकिशन,बद्री वास्कले, मामराज, मान्या भिलावेकर, पन्ना पटेल,मनोज भाई, मसांराम, मनोहर नायक, हजारी राठौर, कालू कनोजे, युवराज पवार, मनोहर राठौड़ आदि किसानों ने एवं बच्चों ने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व . वाजपेयी के साथ कार्य कर चुके कार्यकताओं का सम्मान





### भाजपा अपने कार्यकताओं का सम्मान करना जानती है : पटेरिया

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत रत्न ,पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी जी वाजपेयी जी के साथ कार्य कर चुके पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मान का निर्णय लिया जाकर उसे अटल स्मृति वर्ष के रूप ऐसे समस्त कार्यकताओं उनके निवास पहुचकर सम्मानीत किया जा रहा है। इसी तारतम्य में म.प्र. टोली के सदस्य एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज जी पटेरिया एक दिवसीय बुरहानपुर प्रवास पर पधारे।

उन्हांने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुवे कहा कि जनसंघ के रूप में रोपा गया पौधा आज वटवृक्ष बन गया है। इस कार्य में सहयोगी नीव के पत्थरो को पूजने का कार्य उनके सम्मान का कार्य भाजपा बखुबी करती है ,इसी का परिणाम है कि आज हम ऐसे सम्मानीत कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर उनका सम्मान कर रहे है।

म.प्र. टोली के सदस्य एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज जी पटेरिया द्वारा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जनसंघ एवं मिशा बंदी सर्वश्री प्रकाश जी कानूनगो बुरहानपुर, फकीरा महाजन पातोंडा, विश्वनाथ महाजन धामनगाँव, लक्ष्मण जी फकीरा धामनगाँव , वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण जी शेंडे बुरहानपुर, ज्ञानेश्वर मोरे वरिष्ठ अधिवक्ता बुरहानपुर के निवास पर कार्यकर्ताओं का घर.घर जाकर स्वागत कर प्रशंसी पत्र भेंट किया गया ।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर मनोज माने , भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन ,जिला महामंत्री ईश्वर चौहान,संजय यादव ,गजेंद्र पाटील ,पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल ,जिला उपाध्यक्ष रवि गावड़े,निलेश चौकसे ,जिला उपाध्यक्ष वीरेंद तिवारी, जिला मंत्री सुनील वाघ ,मंडल अध्यक्ष अमोल भगत ,मंडल अध्यक्ष रवि जी काकड़े मंडल अध्यक्ष आकाश राखोन्डे, भरत रावल ,भरत इंगलै ,संदीप पाटिल ,चन्द्रकिशोर भावसार ,रवि जैन सहित भाजपा जिला ,मंडल पदाधिकारी गण,कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुलिस लाइन में स्टाफ द्वारा किया ध्यान योग

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** डीजीपी महोदय के आदेश अनुसार पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक रविवार को सभी थानों में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना:**–के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन में दिनांक 18/01/2026 को पुलिस की तनावपूर्ण व चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के चलतेए पुलिसकर्मियों के शारिरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रेणुका पुलिस लाइन ग्राउंड बुरहानपुर के साथ.साथ जिलेभर के समस्त अनुभागों एवं थानाध्चौकी स्तर पर सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारी, कर्मचारी ने सहभागिता कर ध्यान योग अभ्यास किया ।योग कार्यशाला में पुलिस लाईन,पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं समस्त थानों एवं चौकियो में पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीयो ने योग कार्यशाला में उपस्थित रहकर ध्यान योग का लाभ लिया।



## पशुपालन को अपनाकर बढ़ाए आय के स्त्रोत : सुभाष महाजन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शासन द्वारा पशुपालकों एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित ष्आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजनाष् जिले में प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जा रही है। योजना के माध्यम से पशुपालन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल रहा हैए जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है।

बुरहानपुर जिले के ग्राम खातला निवासी सुभाष वामनराव महाजन ने योजना का लाभ लेकर डेयरी व्यवसाय प्रारंभ किया। सुभाष पहले केवल कृषि कार्य ही किया करते थेए लेकिन अब उन्होंने पशुपालन कार्य भी अपनाया जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है।

मिली सहायता राशि:–सुभाष बताते है किए उन्हें योजना की जानकारी पशुपालन विभाग द्वारा दी गयी। विभागीय मार्गदर्शन एवं आवश्यक प्रक्रियाओं के पश्चात् योजना अंतर्गत 1 लाख 50 हजार रुपये की अनुदान राशि मिली। इससे मैंने मुर्रा नस्ल की भैंसों को लाकर डेयरी का काम शुरू किया।

विभाग द्वारा पशु उपचारए टीकाकरणए पोषण की



समय.समय पर मिलती है जानकारी

सुभाष कहते है किए डेयरी इकाई में प्रतिदिन करीबन 30 लीटर दुग्ध उत्पादन हो रहा हैए जिसे मैं अपने आस.पास के क्षेत्रों में विक्रय करता हूँ। कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय से मेरी आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ हुई है। सुभाष भविष्य में डेयरी व्यवसाय के विस्तार की योजना भी बना रहे हैं। सुभाष ने जानकारी देते हुए बताया किए पशुपालन विभाग उन्हें समय.समय पर पशुओं के उपचारए टीकाकरणए पोषण आहारए कृत्रिम गर्भाधान एवं योजनाओं के बारें में मार्गदर्शन देता है।

## निगम की जल विभाग की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड़ पर है

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में पाइप लाइन का सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि आम जनता को स्वच्छ पानी सुचारु रूप से मिल सके। आज भी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दल ने पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य किया गया जैसे प्रगति नगर में किशोर भंगार वाला पाइप लाइन रिपेयरिंग ,प्रगति नगर में रोड पर पाईप लाईन , लालबाग शिव मंदिर के पास एमामू कॉलोनी, लोहारमंडी गेट के बाहर पाईप लाईन लीकेज सुधार कार्य किया गया जाकिर हुसैन वार्ड में पाईप लाईन लीकेज रिपेयरिंग सुधार कार्य किया शिकारपुरा पानी की टंकी के पास पानी की टेस्टिंग कर सुधार कार्य रेणुका



गार्डन के पास ठब् पानी टेस्टिंग कर सुचारू रूप से चालू किया गया पाइप लाइन में सुधार कार्य कर पानी चालू किया।

निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जहां कहीं पाइपलाइन में लीकेज हैं उन्हें सुधारते हुए आम जनता को स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। घर.घर स्वच्छ जल पहुंचाएं। महापौर ने निर्देश दिए कि स्वच्छ पेयजल प्रदाय के कार्य में ढिलाई नहीं चलेगी। शहर की जनता को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े इसलिए जनता को स्वच्छ पानी प्रदाय हो सर्वप्रथम हमारी प्राथमिकता है। हमारी जल विभाग के अधिकारी कर्मचारी 24 घंटे हाई अलर्ट पर है। नगर निगम बुरहानपुर द्वारा जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाए जा रहे हैं ।

## श्री विसालाड महिला मंडल का हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री विसालाड महिला मंडल कि अध्यक्षा सौ.उषा श्राफकि अध्यक्षता मे समस्त समाज कि महिला ओका हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम मे महिला मंडल कि उपाध्यक्ष सौण्रंजना बजाज सौण्वंदना, कोषाध्यक्ष सौण्विणा खादीवाला सुनीता महेता एव समाज की वरिष्ठ महिला सौ.डॉ. सुधा कापडीया डो. सरोज लाड , ऊपस्थित थी सोण्हर्षदा लाड ने प्रतियोगिता ता आयोजन कर सभी को उत्साहित कर दिया समस्त जानकारी महिला मंडल कि सचिव सौ.आराधना श्राफने दी।

## दरगाह ए हकीमी में तीन दिवसीय निशुल्क स्वस्थ शिविर

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर मे दाऊदी बोहरा समाज के 53 वें धर्मगुरु सेय्य्दना डॉण् मुफ्फद्दल सैफुद्दीन साहब के दिशा निर्देश मे बुरहानपुर मे 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 16 जनवरी 2026 शुक्रवार को दरगाह ए हकीमी मे आयोजित किया गया था जिसका आज 18 जनवरी रविवार को समापन हुआ।

–स्वास्थ्य शिविर शहर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली, दरगाह ए हकीमी प्रबंधक शेख शब्बीर भाई साहब एवं उप प्रबंधक शेख मुस्तुफा भाई साहब उज्जैनी की सादरत मे आयोजित किया गया जिसमे सभी डॉक्टर्स की टीम द्वारा किये गये



सरहानीय कार्य के उन्हें मुबारक़बाद दी गई एवं कार्यकम मे सभी के बेहतर स्वास्थ्य की दुआएं अतिथियों ने की।

अंजुमन जाकवी जमात कमेटी के कोऑडिनेटर तफ्ज्जुल हुसैन मुलायम वाला ने बातया की दरगाह ए हकीमी प्रबंधन द्वारा मुंबई के सैफी हॉस्पिटल के स्पेशलीस्ट डॉक्टर्स की टीम ने 3 दिवसीय शिविर मे अपनी सेवाएं दी जिसमे हर छोटी बड़ी बीमारियों के मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण स्पेशलीस्ट डॉक्टर्स से करवाया। शहर आमिल शेख हैदर भाई जमाली ने कहा की हमारे 53 वें धर्मगुरु सेय्यदन डॉण् मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की मंशा यही रहती है की दाऊदी बोहरा समाज के अंतिम पक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाये . दरगाह ए हकीमी प्रबंधक शेख शब्बीर भाई साहब के मार्गदर्शन मे दरगाह ए हकीमी मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या मे दूरदराज से आये मरीज अपने अपने परिजनों के साथ पहुंचे। दरगाह ए हकीमी उप प्रबंधक शेख मुस्तुफा भाई उज्जैनी ने जानकारी देते हुए बातया की इसलिए शिविर मे हज़ारो लोगो ने अपनी अपनी स्वस्थ्य सम्बंधित समस्यास्याओ पर स्पेस्लिस्ट डॉक्टर्स से परामर्श लिया जिसमे सभी मरीजों की निशुल्क जाँचए परिक्षण एवं दवाइयां वितरण की गई। दाऊदी बोहरा समाज के 53 वें धर्मगुरु सेय्य्दना डॉ.मुफद्दल सैफुद्दीन साहब द्वारा गठित उमूर सेहत कमेटी बुरहानपुर द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।

### एक नजर

### देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा : राष्ट्रीय संयोजक और शिक्षाविद शर्मा

# 28 एवं 29 जनवरी को इंदौर में आयोजित होगी मध्य प्रदेश ज्ञान सभा




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सह संयोजक और शिक्षा से आत्मनिर्भरता भारत के राष्ट्रीय संयोजक और शिक्षाविद ओमप्रकाश शर्मा के प्रेरणा और मार्गदर्शन से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन के प्राचार्य जी एस चौहान की उपस्थिति में ज्ञान सभा 2026 इंदौर में 28 एवं 29 जनवरी को आयोजित होने के निमित्त शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के प्रांत संयोजक शोध प्रकल्प डॉ सुनील जी मोरे द्वारा 17 जनवरी को खरगोन प्रवास कर बैठके आयोजित की गई । बैठक में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत खरगोन के जिला संयोजक डॉ तुषार जी जाधव जिला सह संयोजक डॉ सोनिका जी चौहान न्यास के कार्यकर्ता डॉ छत्रपाल सिंह जी चौहान उपस्थित थे।

डॉ. सुनील जी मोरे ने प्रवास के दौरान बताया कि खरगोन जिले की विभिन्न संस्थाओं में संपर्क कर इन संस्था में ज्ञान सभा में उपस्थित होने तथा अधिक से अधिक पंजीयन करने के लिए आग्रह किया गया जिसे सर्वप्रथम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सलेंस स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन अभ्युदय यूनिवर्सिटी खरगोन क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन रूखमणि बी एड कॉलेज खरगोन आदित्य विद्या विहार हाई सेकेंडरी स्कूल खरगोन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खरगोन में ज्ञान सभा इंदौर के निमित्त बैठक कर सार्थक विमर्श किया गया ।शर्मा ने बताया कि देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा उन्होंने मध्य प्रदेश ज्ञान सभा 2026 में उपस्थित होने के लिए शिक्षाविदों शिक्षकों एवं शोधार्थियों न्यास के कार्यकर्ता से आह्वान किया ज्ञान सभा में सम्मिलित होने के पूर्व किसी भी एक जिले में प्रवास किया जाना चाहिए और वहां बैठक लेकर अपने कार्यकर्ता तैयार कर ज्ञान सभा का पंजीयन करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश ज्ञान सभा 2026 नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए मिल का पत्थर साबित होंगी। हमें यह देखना होगा कि हम किस प्रकार से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभा सकते है ।

इस ज्ञान सभा में पूरे मध्य प्रदेश के प्रांत मालवा प्रांत महाकौशल प्रांत छत्तीसगढ़ प्रांत के समस्त शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय पदाधिकारी क्षेत्रीय अधिकारी प्रांत के संचालक संचालक विषय के जिला संयोजक समस्त कार्यकर्ता तथा शिक्षाविद सम्मिलित होंगे ।अपनी अपनी संस्थाओ में किए गए नवाचार नवीन प्रयोग एवं उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु चयनित प्रयोगात्मक कार्यों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। अत: इच्छुक संस्थाएँ अपने प्रयोगात्मक कार्यों की प्रविष्टि समय.सीमा के भीतर भेजेंए जिससे प्रदर्शनी हेतु स्थान की समुचित व्यवस्था की जा सके। ज्ञान सभा में लेख एवं शोध.पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे यह कार्यशाला विद्यालयीन शिक्षा एवं महाविद्यालयीन शिक्षा हेतु अलग.अलग दिनों में आयोजित की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में एकल.उपयोग प्लास्टिक से पूर्णत: मुक्त रखा गया है । शर्मा ने बताया कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली द्वारा मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन इंदौर में होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर एवं मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में होगा । दो दिवसीय मध्य प्रदेश ज्ञान सभा के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मनमोहन वैध उपस्थित रहेंगे। ज्ञ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन कौशल आधारित शिक्षण विकसित भारत के परिपेक्ष में विद्यालयीन शिक्षक विद्यार्थी पालक और समाज की भूमिका तथा शिक्षा में मातृभाषा के समावेश पर मंथन होगा। ज्ञान सभा के दूसरे दिवस मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन उच्च शिक्षा में अनुसंधान नवाचार एवं उद्यमिता वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु छात्र तैयारी एवं उच्च शिक्षा को व्यावहारिक एवं व्यवसायिक स्वरूप प्रदान करना विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा ।